# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी श्रीगंगानगर

**पीठासीन अधिकारी :– संजय कुमार अग्रवाल** आर.ए.एस.
**अनवान :– विविध प्रकारण संख्या 05/2021**

1. नरेन्द्र कुमार
2. पवन कुमार
3. रूप राम
4. विजय कुमार

} पुत्र/पुत्रीयान देवीदयाल जाति महाजन निवासीयान सुजावलपुर तह. व जिला श्रीगंगानगर

5. हरीकृष्ण
6. केदार नाथ

} पिसरान श्री जगन्ननाथ जाति कुम्हार निवासी सुजावलपुर तह. व जिला श्रीगंगानगर

7. हरिश
8. दीपक

} पिसरान राजेन्द्र कुमार जाति महाजन निवासी सुजावलपुर

— — **प्रार्थीगण**

**—:: बनाम ::—**

1. रणजीत सिंह
2. मनजीत सिंह

} पिसरान श्री बलविन्द्र सिंह जातियान जटसिख निवासीगण सुजावलपुर तह. व जिला श्रीगंगानगर

3. बलजीत कौर पत्नी श्री बलविन्द्र सिंह जाति जट सिख निवासी सुजावलपुर तह. व जिला श्रीगंगानगर
4. जोगेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह जाति जट सिख निवासी सुजावलपुर तह. . व जिला श्रीगंगानगर
5. जगसीर सिंह पुत्र श्री निशान सिंह
6. वीरपाल कौर पुत्री श्री मुखत्यार सिंह
7. जसवंत सिंह पुत्र श्री मुखत्यार सिंह
8. निर्मला
9. मधु
10. रेणु

} पिसरान श्री देवीदयाल जाति महाजन निवासीगण सुजावलपुर तहसील व जिला श्रीगंगानगर

11. ललित कुमार
12. पंकज कुमार

} पिसरान आर.एल.गुप्ता जातियान गुप्ता निवासीगण पुलिस लाइन के सामने कुम्हार मोहल्ला श्रीगंगागनर

13. राजस्थान सरकार – जरिये तहसीलदार (राजस्व) श्रीगंगानगर ।

— — **अप्रार्थीगण**

**प्रार्थना पत्र बाबत :– अन्तर्गत धारा 251(क) राजस्थान काश्तकारी अधिनियम**

—:: उपस्थित अभिभाषक ::—

1. श्री मोहन लाल माहर — — प्रार्थीगण
2. श्री खुशपीन्द्र सिंह — — अप्रार्थी 5, 11, 12
3. पैरोकार राज — — अप्रार्थी 13

अप्रार्थी संख्या 1 ता 4, 6 ता 10 के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Jeetu Kulhari
Date: 2024.04.27 10:14:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर

Scanned with OKEN Scanner

# —:: आदेश ::—

दिनांक :— 04.01.2024

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 आर.टी.ए. के तहत इस न्यायालय में प्रस्तुत किया जिसके संक्षेप में तथ्य इस प्रकार हैं, कि प्रार्थीगण संख्या 1 ता 9 के नाम से वाके चक 7 सी बड़ी (प्रथम) के खाता संख्या 87/75 के मुरब्बा नं. 48 के किला नं. 1 ता 25 की कुल 6.195 हैक्टेयर कृषि भूमि खातेदारी राजस्व अभिलेख है। प्रार्थी संख्या 10 के नाम से इसी चक के मुरब्बा नं. 54 में 2.021 हैक्टेयर मय खाला तथा प्रार्थी संख्या 11 के नाम इसी चक में मुरब्बा नं. 54 की 2.277 हैक्टेयर कृषि भूमि खातेदार दर्ज है। मौके पर हिस्सानुसार काबिज काश्त है। यह कि अप्रार्थी संख्या 1 ता 4 की माता/दादी/सास रेशम कौर पत्नी राम सिंह के नाम वाके चक 7 सी बड़ी प्रथम के मुरब्बा नं. 47,51 में 5.562 हैक्टेयर कृषि भूमि, अप्रार्थी संख्या 5,6 के नाम इसी चक के मुरब्बा नं. 5,41,47 में 3.282 हैक्टेयर तथा अप्रार्थी संख्या 7 के नाम से इसी चक के मुरब्बा नं. 47,55,67/62 की 1.624 हैक्टेयर कृषि भूमि खातेदारी राजस्व अभिलेख में दर्ज है। प्रार्थीगण की कृषि भूमि चक 7 सी बड़ी प्रथम के मुरब्बा नं. 48,54 के लिए किसी प्रकार का कोई स्वीकृत रास्ता नही है। इसी चक के मुरब्बा नं. 46 तथा56 के प्रत्येक के किला नं.1, 10, 11, 20, 21 में से श्रीगंगानगर नं. से हिन्दूमलकोट की मुख्य सड़क प्रचलित है। मुख्य सड़क के चिपते मुरब्बा 47 के किला नं. 21 ता 25 के दक्षिण दिशा में से 2—2 बिस्वा रास्ता स्वीकृत करवाना चाहते है । यह कि प्रार्थीगण को रास्ता की अत्यधिक आवयकता है। प्रार्थीगण को यही एक मात्र प्रस्तावित रास्ते की अति आवश्यकता है। प्रार्थीगण के पास अपनी कृषि भूमि मुरब्बा नं. 48,54 में प्रवेश करने हेतू अन्य वैकल्पिक रास्ता भी उपलब्ध नही है। प्रार्थीगण प्रस्तावित रास्तें में आने वाली कृषि भूमि की डी.एल सी. की दुगनी राशि जमा करवाने को तत्पर है । यह कि प्रार्थीगण पूर्व में हिससा/ठेका पर देकर काश्त की व्यवस्था करते थे जिससे प्रार्थीगण को उसकी कृषि भूमि की उचित राहत प्राप्त नही होती थी । चूंकि प्रार्थीगण की कृषि भूमि में कोई स्वीकृत रास्ता नही था। इस हेतुक प्रार्थीगण ने अप्रार्थीगण से दिनांक 05.10.2020 से सम्पर्क कर रास्ता स्वीकृति हेतू निवेदन किया जिस पर अप्रार्थीगण इन्कार हो गये यही कारण है। प्रार्थना पत्र श्रीमानजी के सुनवाई योग्य, क्षेत्राधिकार एवं उचित न्याय शुल्क पर प्रस्तुत है। अतः प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर अर्ज है कि वाके चक 7 सी बड़ी के मुरब्बा नं. 47 के किला नं. 21 ता 25 में दक्षिण हिस्सा में 2—2 बिस्वा रास्ता स्वीकृत किया जावे।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिए नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 1 ता 4, 6 ता 10 के सम्मन पर विधिवत तामील होने पर अप्रार्थी के न्यायालय में उपस्थित नहीं आने पर अप्रार्थी संख्या 1 ता 4, 6 ता 10 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई। प्रतिवादी संख्या 5, 11, 12 के जवाब पेश नहीं करने पर बार बार अवसर दिये जाने पर भी जवाब पेश नहीं करने पर जवाब प्रतिवादी संख्या 5, 11, 12 बंद किया गया।

तहसीलदार श्रीगंगानगर द्वारा प्रकरण में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

वकील उभयपक्ष की बहस सुनी गई। पत्रावली पर प्रस्तुत दस्तावेजात एवं तहसीलदार (राजस्व), श्रीगंगानगर की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। प्रार्थीना पत्र अन्तर्गत धारा 251ए राज.काश्त. अधि. में वैकल्पिक [illegible] के अभाव एवं रास्ते की आत्यन्तिक आवश्यकता के बिन्दु पर विचार किया जाता है। तहसीलदार (राजस्व) [illegible] गर द्वारा अपनी रिपोर्ट में प्रार्थीगण को वर्तमान में अपने रकबा में आने जाने के लिए रास्ता [illegible] है। प्रार्थी को रास्ता स्वीकृत किये जाने के अनुशंषा की गई है। प्रार्थी को अपनी कृषि भूमि में जाने हेतु रास्ते का अभाव है। प्रार्थीगण को उसकी कृषि भूमि में जाने हेतु रास्ता दिया जाना न्यायिक दृष्टि से उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर वाके चक 7

Signature Not Verified
Digitally signed by Jeetu Kumari
Date: 2024.04.27 10:14:12 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर



Scanned with OKEN Scanner

नम्बर मुकदमा 05 / 2021
अनवान नरेन्द्र कुमार बनाम रणजीत सिंह आदि

सी बड़ी के मुरब्बा नं. 47 के किला नं. 21 ता 25 में दक्षिण हिस्सा में 2–2 बिस्वा रास्ता स्वीकार किया जाता है।

तहसीलदार (राजस्व) श्रीगंगानगर स्वीकृत रास्ते के मुआवजा फलस्वरूप प्रार्थी से डी.एल.सी. का दुगना तहसील कार्यालय में जमा करवाने के उपरान्त उक्तानुसार राजस्व अभिलेख में रास्ते का नियमानुसार अमल दरामद किया जावे। जमा राशि तहसीलदार जिसकी भूमि में से रास्ता स्वीकृत किया गया है उसको अपने स्तर से वितरित करेगा।

पत्रावली निर्णय शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर बाद तकमील दफ्तर हो।

निर्णय आज दिंनाक 04.01.2024 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(संजय कुमार अग्रवाल)
उपखण्ड अधिकारी,
श्रीगंगानगर

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
श्रीगंगानगर

उपखण्ड अधिकारी (रा.से.) श्रीगंगानगर (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Jeetu Kulhari
Date: 2024.04.27 10:14:12 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner